**खबर संक्षेप**




## ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी पर पुलिस अलर्ट

**जींद।** एक असामाजिक तत्व द्वारा अमृतसर पुलिस को धमकी भरा ई मेल भेजकर अमृतसर से दिल्ली की ओर जोन वाली ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद जींद में जीआरपी और आरपीएफ पूरी तरह सतर्क हो गई है। जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से ट्रेनों में तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अभियान के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जीत सिंह के नेतृत्व में डॉग स्कवायड के साथ पुलिस ने ट्रेनों में तलाशी अभियान चलाया। यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई। जिसमें दावा किया कि अगले दो दिनों के अंतर अमृतसर से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में ब्लास्ट किया जाएगा।

## आंख में इंजेक्शन लगवाने के बाद महिला की मौत

**फरीदाबाद।** मुजेसर गांव निवासी 43 वर्षीय महिला की आंख में इंजेक्शन लगने के बाद तबीयत इतनी खराब हो गई कि उनकी जान चली गई। परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतका बाला के बेटे विशाल ने बताया कि उनकी मां की आंखों के पर्दे का इलाज एक चैरिटेबल अस्पताल में चल रहा था। वहीं से डॉक्टरों ने आंख में लगने वाले इंजेक्शन के लिए पर्ची बनाकर उन्हें निजी अस्पताल में भेजा। डॉक्टरों ने दोपहर 2 बजे उनकी मां को ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर आंख में इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के लगभग आधे घंटे बाद तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। दूसरे अस्पताल में लेकर गए तो वहां उनकी मौत हो गई।

### 20 दिन में ही उजड़ा दुल्हन का सुहाग

# पंचकूला में लूट का विरोध करने पर चाकू मारकर युवक की हत्या

- रात दो बजे आईटी पार्क से ड्यूटी कर लौट रहे युवक को दो बदमाशों ने घेरा, मोबाइल छीनने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

शहर के सेक्टर 12 ए के पास सोमवार देर रात करीब 2 बजे कंपनी से लौट रहे एक युवक की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। दो बदमाश युवक से लूट करना चाहते थे। जब युवक ने इसका विरोध किया तो आरोपी दो बदमाशों ने उसके पेट में चाकू मार दिया। वार इतना भयंकर था कि पेट के ऊपर उसका फेफड़ा भी जख्मी भी हो गया। ज्यादा खून बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की करीब 20 दिन पहले ही शादी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अमेठी के दीपक के रूप में हुई है। 17 फरवरी को ही वह पत्नी के साथ पंचकूला लौटा था, लेकिन 2 दिन पहले पत्नी होली के लिए मायके लौट गई थी। दीपक अभी पंजाब के ढकोली में स्थित ममता एन्क्लेव में रह रहा था, जबकि पंचकूला के आईटी पार्क स्थित एक कंपनी में जॉब करता था।

बताया जा रहा है कि ढकोली निवासी दीपक सोमवार देर रात करीब 2 बजे कंपनी से घर लौट रहा था। जैसे ही वह पंचकूला के सेक्टर-12 ए के पास पहुंचा, तभी पैदल आए 2 बदमाशों ने उसकी बाइक रुकवा ली और चाकू दिखाकर लूट करने लगे। हालांकि दीपक के पास कोई कीमती सामान नहीं था। इसके बावजूद आरोपी उससे मोबाइल छीनने लगे। दीपक ने इसका विरोध किया तो एक बदमाश ने उसके पेट में चाकू मार दिया। इसके बाद आरोपी दीपक की बाइक वहीं छोड़कर फरार हो गए।

**10 फरवरी को अमेठी में हुई थी शादी**



दीपक मूल रूप से तो उत्तरप्रदेश के अमेठी के बड़गांव का रहने वाला था। हालांकि परिवार करीब 15 साल से ढकोली में ही रहता है। 10 फरवरी को अमेठी निवासी काजल से दीपक की शादी हुई थी। शादी उनके गांव में ही हुई थी। शादी की रस्मों के बाद दीपक पंचकूला वापस लौट आया था। दीपक की पत्नी काजल एक मार्च को ही अपने भाई के साथ होली के त्योहार पर वापस मायके गई थी। मृतक दीपक के भाई दिवाकर ने बताया कि वह चंडीगढ़ की एमएनसी कंपनी में है। दूसरा भाई बैंगलुरू में आईटी इंजीनियर है। दीपक की पत्नी काजल पोस्टग्रेजुएट है।

**क्राइम ब्रांच की टीम लगाई : डीसीपी**

पंचकूला डीसीपी क्राइम मनप्रीत सूदन ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम लगी हुई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

**करनाल में वारदात करने की फिराक में घूम रहे लॉरेंस गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार**

# पहल न्यूट्रिशन पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों का करनाल में एनकाउंटर

- पुलिस टीम पर फायरिंग में दो कर्मचारी बाल-बाल बचे, दोनों बदमाशों के पैरों में लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सोनीपत के पहल न्यूट्रिशन पर फायरिंग कर धमकी देने वाले दो आरोपियों को करनाल में एसटीएफ ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशो के पैर में गोली लगी है और करनाल के सिविल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। दोनों आरोपी शूटर कपिल और आशीष सोनीपत जिले के दोदवा गांव के रहने वाले हैं।

डीएसपी अमन कुमार ने बताया कि आरोपियों ने 27 फरवरी को सोनीपत में पहल न्यूट्रिशन के शोरूम के बाहर फायरिंग की थी और अंदर कर्मचारी पर भी गोली चलाने का प्रयास किया था। गोली न चलाने पर उसे धमकी देकर फरार हो गए थे। वारदात के बाद आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर वारदात की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद बदमाशों ने 2 अन्य जगहों पर भी फायरिंग की थी। एसटीएफ इंचार्ज दीपेंद्र राणा की टीम को सूचना मिली कि शोरूम पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटर करनाल में हैं। जैसे ही एसटीएफ की टीम ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें 2 पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। एसटीएफ के जवाबी हमले में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को पकड़कर अस्पताल में भर्ती कराया।

डीएसपी अमन कुमार के अनुसार, आरोपियों के पास से 2 अवैध पिस्टल बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि यह बदमाश करनाल में भी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।



**करनाल।** सिविल अस्पताल में उपचाराधीन लॉरेंस गैंग के गुर्गे।

**रोहित गोदारा व लॉरेंस में तनातनी से बढ़ा विवाद**

पहल न्यूट्रिशन पर हुई फायरिंग के बाद बदमाशों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था। इसमें वे पिस्तौल दिखाते हुए कह रहे हैं कि यह फायरिंग आशीष मलिक और कपिल कोबरा ने की है। लॉरेंस हमारा बड़ा भाई है। बता दें कि इससे पहले पहल न्यूट्रिशन से रोहित गोदारा गैंग ने भी रंगदारी मांगी थी। इस पर आरोपियों ने वीडियो में कहा कि जो भी रोहित गोदारा को पैसे देगा उसे अंजाम भुगतना पड़ेगा।

## इंतकाल दर्ज करने के नाम पर पटवारी 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में इंतकाल दर्ज करने के नाम पर मंगलवार को एक पटवारी को 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया गया है। एंटी क्रप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने यह कार्रवाई मंगलवार को गोहाना रोड पर हैबिटेट क्लब स्थित पटवारखाने में की। आरोप है कि पटवारी अजय राणा ने इंतकाल के काम के बदले 5000 रुपये की मांग की थी। आरोप है कि कबीरपुर क्षेत्र में दो प्लॉटों का इंतकाल दर्ज कराने के लिए शिकायतकर्ता काफी समय से पटवारखाने के चक्कर काट रहा था। गांव पुट्ठी निवासी पटवारी अजय राणा ने 5000 रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने एसीबी से संपर्क किया। एसीबी की टीम ने योजना के तहत शिकायतकर्ता को पटवारी के पास पैसे देने के लिए भेजा। पटवारी ने 5000 रिश्वत की राशि ली, तो एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया।



## भाजपा कर रही जनता की अनदेखी कर्ज बढ़ता जा रहा : सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सुरजेवाला ने चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने सैनी सरकार के 2026-27 बजट पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इसे "झांसा बजट" बताते हुए कहा कि यह बजट हरियाणा की जनता के साथ बड़ा धोखा है – कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है, जबकि गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और विधवाओं की अनदेखी की जा रही है। सुरजेवाला ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भाजपा सरकार ने हरियाणा का कर्ज 456 प्रतिशत बढ़ा दिया। 2014-15 में कुल कर्ज 70,925 करोड़ था, जो 2026-27 में 3,94,551 करोड़ हो जाएगा। हर दिन 74 करोड़, हर घंटे 3.08 करोड़ और हर मिनट 5.14 लाख का नया कर्ज लिया जा रहा है।



## मंदिर से लौटते हुए बाइक खाई में गिरी, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुड़गांव

सोहना क्षेत्र के गांव दमदमा के निकट पहाड़ पर बने मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बाइक करीब 80 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इसमें दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतकों की पहचान दमदमा निवासी 50 वर्षीय मुंदराज और रिठौज निवासी 25 वर्षीय उदय के रूप में हुई है। दुर्घटना में रिठौज निवासी सतपाल गंभीर रूप से घायल है। उन्हें तत्काल गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, उदय, सतपाल और मुंदराज पहाड़ियों पर बने मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। लौटते समय तेज ढलान पर बाइक अनियंत्रित होकर नीचे खाई में गिर गई। इसमें दो की मौत हो गई व एक घायल है।

## रेवाड़ी में कार ने 3 महिलाओं को कुचला, दो की मौत

**रेवाड़ी।** डहीना-बेरली रोड पर रामपुरी गांव के पास मंगलवार देर शाम करीब आठ बजे तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीसरी महिला गंभीर रूप से घायल है। टक्कर के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया और प्रशासन से आरोपी ड्राइवर की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। जाम व हादसे की सूचना मिलने पर कोसली डीएसपी विद्यानंद व जाटूसाना एसएचओ भगवत प्रसाद पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि 65 वर्षीय संतरा देवी व 63 वर्षीय भतेरी एक अन्य महिला के साथ दूध लेने पैदल ही जा रही थी। तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया, जिसमें संतरा देवी व भतेरी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को जल्द पकड़ने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।



